**भारत सरकार**
**सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय**
**केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय**

नई दिल्ली,
दिनांक: 10 मार्च, 2017

**<u>प्रेस रिलीज</u>**

# जनवरी, 2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तथा उपयोग-आधारित सूचकांक के त्वरित अनुमान (आधार 2004-05=100)

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आधार वर्ष 2004-05 के साथ जनवरी, 2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के त्वरित अनुमान जारी किए हैं। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संकलन के लिए 15 स्रोत एजेंसियों यथा (i) औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विभाग (डीआईपीपी);(ii) भारतीय खान ब्यूरो;(iii) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण;(iv) संयुक्त संयत्र समिति; इस्पात मंत्रालय, (v) पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्रालय;(vi) वस्त्र आयुक्त का कार्यालय;(vii) रसायन तथा पेट्रो रसायन विभाग;(viii) चीनी तथा वनस्पति तेल निदेशालय;(ix) उर्वरक विभाग;(x) टी बोर्ड, (xi) जूट आयुक्त का कार्यालय;(xii) कोयला नियंत्रक का कार्यालय;(xiii) रेलवे बोर्ड;(xiv) नमक आयुक्त का कार्यालय और (xv) कॉफी बोर्ड से आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं ।

2. जनवरी, 2017 माह के लिए सामान्य सूचकांक 191.3 अंक रहा है, जो जनवरी, 2016 माह की तुलना में 2.7% अधिक है । अप्रैल-जनवरी 2016- 2017 की अवधि के लिए संचयी वृद्धि पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में 0.6% रही है ।

3. जनवरी, 2017 में खनन, विनिर्माण और विद्युत क्षेत्र का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक क्रमश: 146.1, 199.2 और 195.6 रहा है, इस प्रकार इन तीनों क्षेत्रों में जनवरी, 2016 (विवरणी-I) की तुलना में वृद्धि दर क्रमश: 5.3%, 2.3% तथा3.9% रही है । इन तीनों क्षेत्रों में 2015-16 की तदनुरूपी अवधि की तुलना में अप्रैल-जनवरी 2016-17 में संचयी वृद्धि क्रमश: 1.4%, (-) 0.2% और 5.0% ही है ।

4. बाईस (22) औद्योगिक समूहों में से नौ (9) औद्योगिक समूहों के मामले में, (एनआईसी-2004 के 2 अंकीय स्तर के अनुसार) विनिर्माण क्षेत्र में पिछले वर्ष के जनवरी माह की तुलना में जनवरी 2017 के दौरान धनात्मक वृद्धि देखी गई है (विवरणी II) । औद्योगिक समूह 'इलैक्ट्रीकल मशीनरी और एनईसी यंत्र' में 42.4% की सबसे अधिक धनात्मक वृद्धि देखी गई तत्पश्चात 'रेडियो, टीवी तथा संचार उपकरणों एवं उपस्करों' में 21.8% और 'प्राथमिक धतुएं' में 12.4% की घनात्मक वृद्धि देखी गई। दूसरी ओर औद्योगिक समूह "कार्यालय, लेखांकन तथा कम्प्यूटिंग मशीनरी' (-)16.0% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि

देखी गई तत्पश्चात 'खाद्य तथा पेय पदार्थ' में (-)14.8% तथा 'अन्य परिवहन उपकरणों' में (-)13.4% की ऋणात्मक वृद्धि देखी गई।

5. उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार, जनवरी, 2016 की तुलना में जनवरी, 2017 में बुनियादी वस्तुओं में वृद्धि दर 5.3%, पूंजीगत वस्तुओं में 10.7% और मध्यवर्ती वस्तुओं में वृद्धि दर(-)2.3% रही है (विवरणी III)। उपभोक्ता टिकाऊ और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ वस्तुओं में क्रमश: 2.9% और (-) 3.2% की वृद्धि दर दर्ज की गई है।इस प्रकार उपभोक्ता वस्तुओं में कुल वृद्धि दर (-)1.0% रही है ।

6. कुछ अन्य महत्वपूर्ण मदें जिनमें गत वर्ष में उसी माह में वर्तमान माह के दौरान उच्च स्तर की धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की गई हैं, इनमें 'रबड़ चढ़ी केबलें' (282.8%), फ्रूट पल्प (121.5%), 'विटामिन्स' (46.9%), 'एचआर कॉयल/स्केल्प' (40.0%), 'मोबाइल फोन एवं सह उत्पाद सहित टेलीफोन इन्स्ट्रूमेंटस '(31.7%), 'प्लेटें'(27.2%), और एंटीबायोटिक्स और उन्हें तैयार करना' (25.9%), शामिल हैं।

6. कुछ महत्वपूर्ण मदों जिनमें उच्च स्तर की ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की गई है, इसमें 'एचआर शीटस' [(-)39.6%], जहाज निर्माण और मरम्मत [(-) 31.9%], चीनी [(-)28.2%], पीवीसी पाइप्स और टयूब्स' [(-) 27.0%], मोलासिस' [(-) 26.0%], 'चमडे से बने वस्त्र"[(-) 24.3%], थ्री व्हीलर (यात्री एवं मालवाहक सहित' [(-) 24.3%] शामिल हैं ।

8. तथापि, अधिमान को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख मद समूह (प्रत्येक पांच) जिन्होंने आईआईपी की समग्र वृद्धि दर में सकारात्मक और नकारात्मक योगदान दिया है, नीचे दिए गए हैं:-

| मद समूह | अधिमान (%) | योगदाता |
|---|---|---|
| **उच्च धनात्मक योगदाता** | | |
| रबड़ चढ़ी केबलें | 0.12 | 1.2629 |
| एचआर कॉयल्स/स्केल्प | 1.30 | 0.7077 |
| खनिज इंडेक्स | 14.16 | 0.5551 |
| मोबाइल फोन एवं सह उत्पाद सहित टेलीफोन इन्स्ट्रूमेंटस | 0.22 | 0.4566 |
| यात्री कारें | 1.97 | 0.4474 |
| **उच्च ऋणात्मक योगदाता** | | |
| चीनी (चीनी क्यूब्स सहित) | 1.52 | -1.2357 |
| सभी प्रकार के सीमेंट | 2.41 | -0.4252 |
| रत्न एवं आभूषण | 1.77 | -0.2439 |
| चमड़े से बने वस्त्र | 0.75 | -0.1242 |
| चावल | 0.66 | -0.1229 |

9. जनवरी, 2017 के आईआईपी के त्वरित अनुमानों के साथ-साथ दिसम्बर 2016 के सूचकांकों में पहला संशोधन किया गया है तथा स्रोत एजेंसियों से प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के परिप्रेक्ष्य में अक्तूबर, 2016 के सूचकांकों में अंतिम संशोधन किया गया है । यह उल्लेखनीय है कि दिसम्बर, 2016 के इन संशोधित सूचकांकों (पहला संशोधन) में मार्च 2017 माह के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जारी करते समय, अंतिम (दूसरा) संशोधन किया जाएगा ।

10. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (एनआईसी-2004) के दो अंकीय स्तर, तथा उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार जनवरी,2017 माह के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के त्वरित अनुमान तथा पिछले वर्ष के इसी माह की वृद्धि दर की तुलना में संचयी सूचकांक से संबंधित विवरणियां संलग्न हैं ।

---

**टिप्पणी:-**

1. **यह प्रेस रिलीज मंत्रालय की वेबसाइट-http://www.mospi.nic.inपर भी उपलब्ध है ।**
2. **फरवरी, 2017 के सूचकांक बुधवार, 12 अप्रैल, 2017 को जारी किए जाएंगे ।**
3. **प्रेस रिलीज हिन्दी में बाद में भेजी जाएगी तथा यह http://mospi.nic.in/MospiNew/site/Home_H.aspx पर उपलब्ध होगी**

**विवरण I: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक-क्षेत्रवार**

**(आधार : 2004-05=100)**

| माह | खनन (141.57) | | विनिर्माण (755.27) | | विद्युत (103.16) | | सामान्य (1000.00) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 |
| अप्रैल | 121.9 | 122.7 | 188.5 | 181.7 | 177.2 | 203.0 | 177.9 | 175.5 |
| मई | 127.9 | 130.1 | 187.3 | 188.7 | 195.0 | 204.2 | 179.7 | 182.0 |
| जून | 121.6 | 128.0 | 189.5 | 191.4 | 183.7 | 198.9 | 179.3 | 183.2 |
| जुलाई | 117.7 | 118.7 | 190.9 | 184.2 | 190.3 | 193.3 | 180.5 | 175.9 |
| सितम्बर | 120.2 | 113.1 | 184.8 | 184.3 | 194.4 | 194.6 | 176.6 | 175.3 |
| सितम्बर | 119.3 | 115.2 | 186.9 | 188.7 | 195.7 | 200.4 | 178.2 | 179.5 |
| अक्टूबर | 130.8 | 129.6 | 188.1 | 183.5 | 201.6 | 203.9 | 181.4 | 178.0 |
| नवंबर | 130.8 | 135.7 | 171.7 | 181.1 | 175.6 | 191.2 | 166.3 | 175.7 |
| दिसंबर | 137.3 | 144.8 | 193.1 | 189.9 | 183.2 | 194.7 | 184.2 | 184.0 |
| जनवरी* | 138.8 | 146.1 | 194.8 | 199.2 | 188.3 | 195.6 | 186.2 | 191.3 |
| फरवरी | 136.1 | | 193.9 | | 181.9 | | 184.5 | |
| मार्च | 149.5 | | 208.1 | | 197.2 | | 198.7 | |
| औसत अप्रैल-जनवरी | 126.6 | 128.4 | 187.6 | 187.3 | 188.5 | 198.0 | 179.0 | 180.0 |
| पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि | | | | | | | | |
| जनवरी | 1.5 | 5.3 | -2.9 | 2.3 | 6.6 | 3.9 | -1.6 | 2.7 |
| अप्रैल-जनवरी | 2.1 | 1.4 | 2.5 | -0.2 | 4.7 | 5.0 | 2.7 | 0.6 |

* जनवरी, **2017 के सूचकांक त्वरित अनुमान हैं ।**

**टिप्पणीः अक्तूबर 2016 और दिसम्बर, 2016 माह के सूचकांकों में अद्यतन उत्पादन आंकड़ा शामिल है ।**

**विवरण II: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक - (2-अंकीय स्तर)**

**(आधार: 2004-05=100)**

| उद्योग का कोड | विवरण | अधिमान | सूचकांक | | संचयी सूचकांक | | प्रतिशत वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अप्रैल - जनवरी | | | अप्रैल-जनवरी |
| | | | जनवरी'16 | जनवरी'17 | 2015-16 | 2016-17 | जनवरी'17 | 2016-17 |
| 15 | खाद्य तथा पेय पदार्थ | 72.76 | 232.5 | 198.2 | 157.4 | 149.5 | -14.8 | -5.0 |
| 16 | तंबाकू उत्पाद | 15.70 | 124.2 | 127.5 | 106.7 | 107.2 | 2.7 | 0.5 |
| 17 | वस्त्र | 61.64 | 162.5 | 162.0 | 155.8 | 157.7 | -0.3 | 1.2 |
| 18 | परिधान; फर की ड्रेसिंग और रंगाई | 27.82 | 216.9 | 237.6 | 188.4 | 183.5 | 9.5 | -2.6 |
| 19 | सामान, हैंडबैग, सैडलरी, हार्नेस तथा जूते; चमड़ा उत्पादों की रँगाई और ड्रेसिंग | 5.82 | 140.2 | 121.7 | 146.1 | 133.3 | -13.2 | -8.8 |
| 20 | काष्ठ तथा काष्ठ उत्पाद और फर्नीचर के अलावा कॉर्क, स्ट्रॉ से बनी वस्तुएं और प्लेटिंग सामग्री | 10.51 | 151.1 | 134.7 | 153.9 | 148.0 | -10.9 | -3.8 |
| 21 | कागज तथा कागज उत्पाद | 9.99 | 148.7 | 143.0 | 146.8 | 146.8 | -3.8 | 0.0 |
| 22 | प्रकाशन, छपाई तथा रिकॉर्डेड मीडिया का पुनः-उत्पादन | 10.78 | 155.9 | 158.5 | 160.8 | 158.4 | 1.7 | -1.5 |
| 23 | कोक, परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद और परमाणु ईंधन | 67.15 | 163.6 | 163.2 | 151.1 | 161.5 | -0.2 | 6.9 |
| 24 | रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 100.59 | 139.8 | 150.1 | 143.4 | 146.9 | 7.4 | 2.4 |
| 25 | रबर और प्लास्टिक उत्पाद | 20.25 | 190.3 | 179.5 | 188.1 | 190.4 | -5.7 | 1.2 |
| 26 | अन्य गैर-धात्विक खनिज उत्पाद | 43.14 | 182.3 | 161.6 | 167.2 | 166.4 | -11.4 | -0.5 |
| 27 | प्राथमिक धातुएं | 113.35 | 223.4 | 251.0 | 223.3 | 238.9 | 12.4 | 7.0 |
| 28 | मशीनरी और उपकरणों को छोड़कर फेबरिकेटेड धातु उत्पाद | 30.85 | 182.4 | 175.1 | 177.5 | 177.3 | -4.0 | -0.1 |
| 29 | मशीनरी और एनईसी उपकरण | 37.63 | 233.5 | 232.9 | 218.2 | 232.3 | -0.3 | 6.5 |
| 30 | कार्यालय, लेखांकन तथा कंप्यूटिंग मशीनरी | 3.05 | 44.3 | 37.2 | 64.2 | 57.3 | -16.0 | -10.7 |
| 31 | इलैक्ट्रीकल मशीनरी और एनईसी यंत्र | 19.80 | 284.0 | 404.5 | 480.0 | 293.4 | 42.4 | -38.9 |
| 32 | रेडियो, टी.वी. और संचार उपकरण तथा यंत्र | 9.89 | 353.1 | 430.2 | 349.9 | 396.8 | 21.8 | 13.4 |
| 33 | मेडिकल, प्रेसिशन और ऑप्टीकल उपकरण, घड़ियां तथा दीवाल घड़ियां | 5.67 | 98.1 | 98.4 | 98.4 | 97.4 | 0.3 | -1.0 |
| 34 | मोटर वाहन, ट्रेलर तथा सेमी-ट्रेलर | 40.64 | 251.4 | 272.2 | 237.7 | 252.4 | 8.3 | 6.2 |
| 35 | अन्य परिवहन उपकरण | 18.25 | 265.9 | 230.4 | 265.7 | 272.0 | -13.4 | 2.4 |
| 36 | फर्नीचर, एनईसी विनिर्माण | 29.97 | 174.6 | 156.2 | 173.3 | 164.0 | -10.5 | -5.4 |
| | | | | | | | | |
| 10 | खनन तथा उत्खनन | 141.57 | 138.8 | 146.1 | 126.6 | 128.4 | 5.3 | 1.4 |
| 15-36 | विनिर्माण | 755.27 | 194.8 | 199.2 | 187.6 | 187.3 | 2.3 | -0.2 |
| 40 | विद्युत | 103.16 | 188.3 | 195.6 | 188.5 | 198.0 | 3.9 | 5.0 |
| | | | | | | | | |
| | सामान्य सूचकांक | 1000 | 186.2 | 191.3 | 179.0 | 180.0 | 2.7 | 0.6 |

*** उद्योगों के कोड राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण 2004 के अनुसार हैं ।**

## विवरणी III: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक - उपयोग आधारित

(आधार: 2004-05=100)

| माह | बुनियादी सामान (456.82) | | पूंजीगत सामान (88.25) | | मध्यवर्ती सामान (156.86) | | उपभोक्ता सामान कुल (298.08) | | उपभोक्ता सामान टिकाऊ (84.60) | | उपभोक्ता सामान गैर-टिकाऊ (213.47) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 | 2015-16 | 2016-17 |
| अप्रैल | 167.3 | 175.4 | 248.0 | 185.2 | 153.2 | 156.7 | 186.5 | 182.8 | 258.7 | 289.2 | 157.9 | 140.6 |
| मई | 177.4 | 184.4 | 234.9 | 205.6 | 157.4 | 164.0 | 178.7 | 180.8 | 252.4 | 267.2 | 149.5 | 146.5 |
| जून | 171.9 | 182.2 | 265.4 | 222.8 | 153.1 | 162.3 | 179.0 | 184.1 | 246.1 | 259.5 | 152.4 | 154.2 |
| जुलाई | 171.6 | 174.5 | 289.9 | 204.6 | 158.5 | 164.1 | 173.2 | 175.6 | 244.2 | 258.4 | 145.1 | 142.8 |
| सितम्बर | 170.0 | 176.0 | 267.5 | 207.7 | 156.2 | 161.4 | 170.8 | 171.8 | 256.0 | 261.4 | 137.0 | 136.3 |
| सितम्बर | 168.0 | 174.7 | 287.2 | 225.2 | 154.0 | 157.4 | 174.5 | 185.1 | 262.0 | 298.4 | 139.8 | 140.2 |
| अक्टूबर | 175.0 | 182.4 | 278.6 | 203.3 | 154.7 | 158.7 | 176.3 | 173.8 | 272.2 | 273.8 | 138.3 | 134.2 |
| नवंबर | 167.3 | 175.2 | 190.6 | 219.1 | 149.2 | 153.1 | 166.8 | 175.4 | 226.1 | 247.4 | 143.3 | 146.9 |
| दिसंबर | 175.8 | 185.5 | 219.5 | 211.0 | 161.4 | 159.3 | 198.6 | 186.7 | 242.5 | 220.9 | 181.2 | 173.2 |
| जनवरी* | 178.8 | 188.2 | 212.2 | 234.8 | 162.8 | 159.1 | 202.1 | 200.1 | 260.5 | 268.1 | 178.9 | 173.2 |
| फरवरी | 173.5 | | 231.1 | | 159.2 | | 200.8 | | 277.2 | | 170.5 | |
| मार्च | 188.7 | | 280.7 | | 171.8 | | 204.0 | | 288.3 | | 170.6 | |
| औसत | | | | | | | | | | | | |
| अप्रैल-जनवरी | 172.3 | 179.9 | 249.4 | 211.9 | 156.1 | 159.6 | 180.7 | 181.6 | 252.1 | 264.4 | 152.3 | 148.8 |
| पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में वृद्धि | | | | | | | | | | | | |
| जनवरी | 1.9 | 5.3 | -21.6 | 10.7 | 2.8 | -2.3 | -0.1 | -1.0 | 5.6 | 2.9 | -3.2 | -3.2 |
| अप्रैल-जनवरी | 3.3 | 4.4 | -0.6 | -15.0 | 2.1 | 2.2 | 3.6 | 0.5 | 11.6 | 4.9 | -1.2 | -2.3 |

*** जनवरी, 2017 के सूचकांक त्वरित अनुमान हैं ।**

**टिप्पणी : अक्तूबर, 16 और दिसम्बर, 16 माह के सूचकांकों में उत्पादन के अद्यतन आंकड़े शामिल हैं ।**